कार्यालय–सचिव, औद्योगिक एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद उ0प्र0, लखनऊ

पत्रांक– 934-37 / परीक्षक नियुक्ति टेल0 / प्रा0शि0सं0 / 2020–21 दिनांकः 26 –10–2020

समस्त प्रधानाचार्य,
समाज कल्याण विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त
औद्योगिक–प्राविधिक शिक्षण संस्थायें उ0प्र0।

विषयः– वार्षिक परीक्षा 2020 के अर्न्तगत टेलरिंग से सम्बन्धि ट्रेडों में प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु परीक्षक नामित किये जाने के सम्बन्ध में।

कृपया उपर्युक्त विषयक सन्दर्भ में निदेशक महोदय, (परिषद अध्यक्ष) के अनुमोदन दिनांक–08.10.2020 के अनुक्रम में वार्षिक परीक्षा 2020 में टेलरिंग एण्ड एलाइड क्राफ्ट कोर्स, एडवांस टेलरिंग कोर्स एवं सीविंग टेक्नोलॉजी की प्रयोगात्मक परीक्षा परिषद द्वारा नामित परीक्षकों द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर जाकर ली जायेगीं तथा प्रयोगात्मक से सम्बन्धित सभी परीक्षार्थियों के प्रयोगात्मक सम्बन्धी मॉडल जिसमें पैटर्न कटिंग के मॉडल भी शामिल हैं परीक्षा केन्द्र पर संरक्षित रखे जायेगें, उन्हें परिषद नहीं भेजा जायेगा केवल सैद्वान्तिक विषय से सम्बन्धित उत्तर पुस्तिकायें ही परिषद भेजी जायेगीं। परिषद द्वारा भेजे गये परीक्षक मूल्यांकन सूची (प्राप्तांक सूची) द्वारा निर्धारित समयावधि में परिषद कार्यालय में उपलब्ध करायेंगे। चूँकि टेलरिंग व्यवसाय से सम्बन्धित उपरोक्त तीनों ट्रेडें प्रदेश की अधिकांश संस्थाओं में संचालित है, अतः अधिक संख्या में परीक्षकों की भी आवश्यकता होगी। अतः निम्नांकित योग्यताधारी न्यूनतम तीन वर्षों से सेवारत प्रशिक्षक–प्रशिक्षिकाओं को परीक्षक नामित करने पर विचार किया जायेगा।

परीक्षक का विवरण निम्नांकित प्रारूप पर भेजें

क्र0	प्रशिक्षक–प्रशिक्षिका का नाम	पदनाम	शैक्षिक योग्यता	टेलरिंग व्यवसाय से सम्बन्धित योग्यता	नियुक्ति तिथि	पता	मो0 / व्हाट्स अप नं0
1	2	3	4	5	6	7	8

अतः आप अपनी संस्था के योग्य / अनुभवी प्रशिक्षक–प्रशिक्षिकाओं से सम्बन्धित उपरोक्त विवरण एवं उससे सम्बन्धित अभिलेखों की छायाप्रतियाँ जो आप द्वारा सत्यापित की जायेगी, दिनांक–10.11.2020 तक अनिवार्य रूप से परिषद कार्यालय प्रेषित करना सुनिश्चित करें। आप द्वारा अपनी संस्था के 30 कि0मी0 की परिधि में स्थित विभागीय संस्थाओं का विवरण भी प्रेषित करें, ताकि तदनुसार प्रशिक्षकों / प्रशिक्षिकाओं को परीक्षा केन्द्र आवंटित किये जा सकें।

(पी0के0मिश्रा)
सचिव

26.10.2020 1/2

<u>पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक उपरोक्तानुसार</u>

प्रतिलिपि–निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निदेशक, समाज कल्याण उ0प्र0, लखनऊ।
2. उपनिदेशक / योजनाधिकारी, निदेशालय,स0क0,उ0प्र0।
3. सम्बन्धित जनपदों के जिला समाज कल्याण अधिकारी, (विकास) उ0प्र0 को इस आशय से प्रेषित कि, वह अपने जनपद से सम्बन्धित संस्थाओं के प्रधानाचार्यों को अपने स्तर से भी सूचित करने का कष्ट करें।

सचिव

सचिव
औद्योगिक एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद उ०प्र०

2/2